

राजराजेश्वरी धर्मार्थ प्याऊ का लोकार्पण करते हुए मंत्री सतपाल महाराज।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### अधिकारियों को पीएम गतिशक्ति के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की बैठक के दौरान अधिकारियों को पीएम गतिशक्ति के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क, रेलवे, औद्योगिक विकास एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए यह भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। उत्तराखण्ड के परिपेक्ष्य में गति शक्ति योजना महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभागीय सचिवों को निर्देश दिये यह जल्द सुनिश्चित किया जाए कि उनसे संबंधित विभागों में गति शक्ति के तहत प्रथम एवं द्वितीय चरण में क्या–क्या कार्य होने हैं।

### केदारनाथ यात्रा पर आए मध्य प्रदेश के यात्री की तबीयत बिगड़ने से मौत

**संवाददाता** देहरादून। चारधाम में तबीयत बिगडने से श्रद्धालुओं की मौत का सिलसिला जारी है। बुधवार को केदारनाथ यात्रा पर आए मध्य्य प्रदेश के एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक का नाम पिजन सिंह यादव पुत्र केएस यादव, निवासी कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल मध्य प्रदेश है। इसके साथ ही धाम में हृदयगति रुकने से मरने वालों की संख्या 18 हो गई है। जबकि, चारों धाम में यह संख्या 43 पहुंच चुकी है।

### 25 मई तक सभी धामों के स्लाट फुल

**संवाददाता** ऋषिकेश। चारधाम यात्रा के तहत 25 मई तक सभी धामों के स्लाट फुल होने के बावजूद प्रशासन की ओर से ऋषिकेश में सिर्फ बदरीनाथ के पंजीकरण किए जा रहे थे। लेकिन बुधवार की सुबह बदरीनाथ धाम के पंजीकरण भी अग्रिम आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। एथिक्स इन्फोटेक कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रेम अनंत के मुताबिक यात्री पंजीकरण के सभी आफलाइन सेंटर में पंजीकरण अग्रिम आदेश तक बंद किया गया है। इन सेंटर में ऋषिकेश, हरिद्वार, नारसन, आशारोड़ी, चिड़ियापुर सहित कुल 20 सेंटर शामिल हैं।

### एमेजॉन ने स्मार्ट कॉमर्स किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। अपने प्रमुख वार्षिक शिखर सम्मेलन एमेजॉन संभव में एमेजॉन इंडिया ने स्मार्ट कॉमर्स के शुभारंभ की घोषणा की जोकि स्थानीय स्टोर को डिजिटल दुकान में बदलने के लिए एक नई पहल है और 2025 तक 1 करोड़ छोटे व्यवसायों को डिजिटाइज करने की अपनी प्रतिज्ञा को तेजी से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई एमेजॉन डॉटइन का उपयोग कर 1.5 लाख से अधिक स्थानीय स्टोर पहले से ही ऑनलाइन बिक्री कर रहे हैं स्मार्ट कॉमर्स के साथ स्टोर अब और आगे बढ़ सकते हैं।

# आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका, कोठियाल ने छोड़ी पार्टी

**झटका**

■ कर्नल अजय कोठियाल ने पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा, विस चुनाव में थे सीएम पद के उम्मीदवार

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में बुधवार का दिन आम आदमी पार्टी(आप) के लिए बड़ा झटका लेकर आया। कर्नल अजय कोठियाल (सेवानिवृत्त) ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पार्टी आलाकमान ने कोठियाल को उत्तराखंड विधानसभा चुनाव(विस) में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने गंगोत्री सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा था, हालांकि हार का सामना करना पड़ा था।

अपने इस्तीफे को लेकर कर्नल अजय कोठियाल ने कहा कि त्यागपत्र पूर्व सैनिकों, पूर्व अर्धसैनिकों, बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बुद्धिजीवियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए दिया है। कोठियाल के बाद आम आदमी पार्टी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष भूपेश उपाध्याय ने भी इस्तीफा दे दिया है।




**कोठियाल की उपलब्धियां:** दो बार के एवरेस्ट विजेता, एवरेस्ट अभियान का नेतृत्व किया, केदारनाथ पुनर्निर्माण में सक्रिय भूमिका, नंदा देवी राजजात 2014 का संचालन, सेना के कई अभियानों को अंजाम दिया, यूथ फाउंडेशन के जरिए युवाओं को जोड़ा।

**अजय कोठियाल भोले के फौजी-अरविंद केजरीवाल:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अजय कोठियाल को भोले का फौजी बताते थे। आम आदमी पार्टी को कोठियाल और कोठियाल को आम आदमी पार्टी से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

**17 खूंखार आतंकियों को किया ढेर:** अजय कोठियाल ने भारतीय सेना में रहते हुए 17 खूंखार आतंकियों को ढेर किया था। इसके बाद से ही वे चर्चाओं में आए थे। आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने के बाद उन्होंने कहा था कि वह एक संस्था के जरिए नगर, कस्बों व गांवों में बेटियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाएंगे। किशोरियों/युवतियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाएं जाएंगे। विषम परिस्थितियों में वे कैसे अपनी मदद कर सुरक्षित रहे, इसके लिए प्रशिक्षित ट्रेनर के माध्यम से उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी।

**कोठियाल के पार्टी छोड़ने पर आप पर कितना असर:** कोठियाल भारतीय सेना में कर्नल रहे हैं। उत्तराखंड में सैनिक परिवारों की संख्या काफी है। आम आदमी पार्टी भी कोठियाल के इस जुड़ाव को पहाड़ पर सियासत करने के लिए सकारात्मक बिंदु मानती थी। कोठियाल का अपने क्षेत्र के साथ ही कई इलाकों में अच्छा प्रभाव है। जाहिर है कि उनके पार्टी छोड़ने पर आप को नुकसान होगा। हालांकि अभी कोठियाल ने अपने भविष्य के पत्ते नहीं खोले हैं।

### 18 में से पांच बस सेवाओं का नहीं हुआ संचालन

**संवाददाता** देहरादून। डिपो की सात बसें चारधाम यात्रा पर होने तथा कई सेवाओं के चालकों की कमी से नहीं चलने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न संगठनों ने डिपो में जल्द चालकों की नियुक्ति कर ठप सेवाओं को जल्द शुरू किए जाने की मांग परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों से की है। उत्तराखंड राज्य गठन के सालों बाद भी डिपो में व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ पा रही हैं। इधर डिपो की सात बसें इन दिनों चारधाम यात्रा पर होने के साथ ही अन्य कई रूटों पर बसों का संचालन नहीं होने से रोडवेज की बसों में सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई हैं। बुधवार को भी अल्मोड़ा टनकपुर, अल्मोड़ा बेतालघाट दिल्ली, अल्मोड़ा–लमगड़ा दिल्ली, अल्मोड़ा देहरादून तथा बागेश्वर देहरादून सेवाएं चालकों की कमी से ठप रही। यात्री निर्धारित समय पर बस स्टेशन पहुंचे, काफी देर तक बसों का इंतजार किया। बाद में पूछताछ काउंटर पर पता चला की चालकों की कमी से बसों का संचालन नहीं होगा। ऐसे में यात्री वैकल्पिक माध्यम से महंगा किराया देकर गंतव्य को रवाना हुए।

# उत्तराखंड में घट-बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मामले

**संक्रमण**

■ उत्तराखंड में आए कोरोना के 22 नए मामले, एक्टिव केस पहुंचे 105

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण के मामले घट–बढ़ रहे हैं। बुधवार को कोरोना के 22 नए मामले सामने आए हैं। इसमें सबसे ज्यादा देहरादून जिले में आठ लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं, जबकि नैनीताल में छह मामले मिले हैं।

उधर, सात जिलों में आज कोरोना संक्रमण का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। आज 15 मरीज स्वस्थ भी हुए है।



प्रदेश अब कोरोना के 105 सक्रिय मामले हैं।

**कोरोना संक्रमण दर रही 1.29 प्रतिशत:** उत्तराखंड में बुधवार को कोरोना के 22 नए मामले मिले हैं। कोरोना संक्रमण दर भी 1.29 प्रतिशत रही। वहीं, कोरोना से 15 मरीज स्वस्थ भी हुए है। वहीं, राज्य में आज कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है।

**राज्य में कोरोना संक्रमण के हैं 105 सक्रिय मामले:** प्रदेश में फिलवक्त कोरोना के 105 सक्रिय मामले हैं। इसमें देहरादून जनपद में सबसे अधिक 59, हरिद्वार में 13 और नैनीताल में 12 सक्रिय मामले हैं।

इसके अलावा अल्मोड़ा में छह, टिहरी और उत्तरकाशी में चार चार, ऊधमसिंह नगर में तीन, चमोली और पौड़ी में कोरोना के दो दो मामले सक्रिय हैं। वहीं, चार जिलों (बागेश्वर, चंपावत, पिथौरागढ़ व रुद्रप्रयाग) में कोरोना का कोई सक्रिय मामला नहीं हैं।

**बुधवार को देहरादून जनपद में मिले आठ लोग संक्रमित:** देहरादून में आज सबसे अधिक आठ लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा नैनीताल में छह, टिहरी में तीन, चमोली और ऊधमसिंह नगर में दो दो, उत्तरकाशी में एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिले हैं।

### महाराज ने किया माता राजराजेश्वरी धर्मार्थ प्याऊ का लोकार्पण

**संवाददाता** ऋषिकेश। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज, उनकी धर्मपत्नी पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत एवं कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से योग नगरी रेलवे स्टेशन में आने वाले यात्रियों के लिए मानव उत्थान सेवा समिति के सौजन्य से संचालित होने वाले अत्याधुनिक माता राज राजेश्वरी धर्मार्थ प्याऊ का लोकार्पण किया। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को योग नगरी रेलवे स्टेशन परिसर में मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा लगभग 9 लाख रूपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक एल्कलाइन माता राज राजेश्वरी धर्मार्थ प्याऊ का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं उनकी धर्मपत्नी अमृता रावत और कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी मौजूद रहे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।